# उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ

## संस्कृत प्रतिभा खोज 2025

### जनपदस्तरीय संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हेतु आदर्श प्रश्नोत्तर

भाषा दक्षता

**निर्णायकों के लिए निर्देशः-**

1. संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन नियम निर्देशिका के अनुसार किया जाए। प्रतिभागियों को प्रतियोगिता आरम्भ करने के पूर्व इस प्रतियोगिता के नियम से छात्रों को अवगत करा दिया जाय।
2. गोलाकार में बैठे प्रत्येक छात्र से एक समान प्रश्न पूछे जाएं। किसी नवीन बिंदु के प्रश्नों का आरम्भ गोलाकार में बैठे प्रथम छात्र से किया जाए ।
3. प्रश्नोत्तरी में लिखित प्रश्न सरल से कठिन की ओर ले जाता है। कठिन प्रश्न कम पड़ जाने पर निर्णय करने हेतु स्वविवेक से अथवा उपस्थित छात्रों की पुस्तक से प्रश्न बनाते हुए अवशिष्ट प्रतिभागी से एक समान प्रश्न पूछा जाय।
4. निर्णायक द्वारा प्रत्येक राउंड के बाद प्रतिभागी को अबतक कुल अवसर समाप्ति की सूचना दी जाय। अभ्युक्ति में उसके नाम के सम्मुख एक अवसर समाप्ति सूचक (X) चिह्न लगाया जाय ।

**संस्कृत भाषा दक्षता**

**वर्णमाला ज्ञान**

**प्रश्न के लिए उदाहरण**

**प्रश्न-** वर्णमाला में वर्ण का भेद बताइये ? वर्ण कितने प्रकार के होते हैं ?

**उत्तर-** वर्णमाला में वर्ण तीन प्रकार के होते हैं । स्वर, व्यंजन तथा अयोगवाह ।

**प्रश्न-** ह्रस्व स्वर कौन-कौन है ?

**उत्तर-** अ इ उ ऋ लृ

**प्रश्न-** दीर्घ स्वर वर्ण कौन-कौन है ?

**उत्तर-** आ ई ऊ ॠ ए ऐ ओ औ

**प्रश्न-** ए ह्रस्व स्वर है अथवा दीर्घ स्वर ?

**उत्तर-** दीर्घ स्वर

**प्रश्न -** ठ वर्ण किस वर्ग का वर्ण है ?

**उत्तर-** ठ वर्ण टवर्ग का वर्ण है।

**प्रश्न-** स्वर के कितने प्रकार के होते हैं ?

**उत्तर –** तीन

**प्रश्न-** स्वर के तीनों भेद का नाम बताइये ?

**उत्तर –** ह्रस्व, दीर्घ तथा प्लुत ।

**प्रश्न-** वर्ग के पंचम वर्ण कौन-कौन हैं ?

**उत्तर –** ञ, म, ङ, ण, न

## मात्राओं का सही ज्ञान (मात्राबोध)

**प्रश्न-** ह्रस्व स्वर वर्ण के उच्चारण में कितनी मात्रा का समय लगता है?

**उत्तर-** एक मात्रा

**प्रश्न-** किस स्वर वर्ण के उच्चारण में दो मात्रा का समय लगता है

**उत्तर-** दीर्घ स्वर वर्ण के उच्चारण में ।

**प्रश्न-** विसर्ग के उच्चारण में कितनी मात्रा का समय लगता है?

**उत्तर-** अर्ध मात्रा (आधी मात्रा)

**प्रश्न-** व्यञ्जन वर्ण के उच्चारण में कितनी मात्रा का समय लगता है?

**उत्तर-** अर्ध मात्रा (आधी मात्रा)

## ⏭ अगला चरण – "वर्तनी ज्ञान"

**वर्तनी ज्ञान (वर्ण विच्छेद) सहित अंतिम वर्ण को बोलना ।**

**जैसे - कमल = क् + अ + म् + अ + ल् + अ (अकारान्त)**

**चार तथा पाँच वर्णों वाले शब्द**

1. प्रश्न: "कवि" यह शब्द किन-किन वर्णों के मेल से बना है?
   उत्तर: क् + अ + व् + इ (इकारान्त)
2. प्रश्न: "विद्या" यह शब्द किन-किन वर्णों के मेल से बना है?
   उत्तर: व् + इ + द् + य् + आ (आकारान्त)
3. प्रश्न: "पुस्तक" यह शब्द किन-किन वर्णों के मेल से बना है?
   उत्तर: प् + उ + स् + त् + अ + क् + अ (अकारान्त)
4. प्रश्न: "भानु" यह शब्द किन-किन वर्णों के मेल से बना है?
   उत्तर: भ् + आ + न् + उ (उकारान्त)
5. प्रश्न: "अग्नि" यह शब्द किन-किन वर्णों के मेल से बना है?
   उत्तर: अ + ग् + न् + इ (इकारान्त)
6. प्रश्न: "चन्द्र" यह शब्द किन-किन वर्णों के मेल से बना है?
   उत्तर: च् + अ + न् + द् + र् + अ (अकारान्त)
7. प्रश्न: "सिंह" यह शब्द किन-किन वर्णों के मेल से बना है?
   उत्तर: स् + इ + ं + ह् + अ (अकारान्त)
8. प्रश्न: "फल" यह शब्द किन-किन वर्णों के मेल से बना है?
   उत्तर: फ् + अ + ल् + अ (अकारान्त)
9. प्रश्न: "दर्शन" यह शब्द किन-किन वर्णों के मेल से बना है?

उत्तर: द् + अ + र् + श् + अ + न् (नकारान्त)

10. प्रश्न: "शक्ति" यह शब्द किन-किन वर्णों के मेल से बना है?

उत्तर: श् + अ + क् + त् + इ (इकारान्त)

**संकेत- इसी प्रकार छात्र / छात्राओं से अन्य शब्दों का वर्ण विच्छेद तथा अंतिम वर्ण पूछें-**

भाषा । यथा । भाव । इति । पद । ननु । अपि । एव । भीति । मत । एषा। इव । कृति । एला । काल । तथा । देश ।

## छः वर्णों वाले शब्द

**प्रश्न-** " सूचिका" यह पद किन - किन वर्णों के मेल से बना है ?

**उत्तर -** स् + ऊ + च् + इ + क् + आ (आकारान्त)

**प्रश्न-** "कैतव" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर –** क् + ऐ + त् + अ+ व् + अ (अकारान्त)

**प्रश्न-** " तुलसी" यह पद किन - किन वर्णों के मेल से बना है ?

**उत्तर -** तुलसी = त्+ उ+ल्+ अ+ स्+ ई (ईकारान्त)

**प्रश्न-** "चषकः" पद का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर –** च् + अ + ष् + अ + क् + अ + विसर्ग

**प्रश्न-** "सौचिकः" पद का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर –**स् + औ + च् + इ + क् + अ + विसर्ग

**संकेत- इसी प्रकार छात्र / छात्राओं से अन्य शब्दों का वर्ण विच्छेद तथा अंतिम वर्ण पूछें-**

तथापि । केवल । सरल । लेखक । भूगोल । समिति । विदेश । विविध । कारण । पाठन । सुगम । कौशल । भारत । सहज । मौलिक । महती । भौतिकी । पतित । दुरूह । भूलेख ।

## छः से अधिक वर्णों वाले शब्द

**प्रश्न-** "दीपावली" यह पद किन - किन वर्णों के मेल से बना है ?

**उत्तर -**दीपावली = द् + ई + प् + आ + व् + अ + ल् + ई ( ईकारान्त )

**प्रश्न-** "मरीचिका" पद का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर –** म् + अ + र् + ई + च् + इ + क् + आ (आकारान्त)

**संकेत-** वैदेशिक । गणबोध । सरलता । राजभाषा । अवधारणा । अवधान । अनुयायी । परिशीलन । अनुवाद । अनुभव । विपरीत । लघुकथा । अनूदित ।

## संयुक्ताक्षर वाले शब्द

**प्रश्न-** "श्रृगाल" यह पद किन - किन वर्णों के मेल से बना है ?

**उत्तर -** श्+ऋ+ग्+आ+ल्+अ ( अकारान्त )

**प्रश्न-** "विद्यालयः" पद का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर –** व् + इ + द् + य् + आ + ल् + अ + य् + अ + विसर्ग

**प्रश्न-** "बलीवर्दः" पद का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर –** ब् + अ + ल् + ई + व् + अ + र् + द् + अ + विसर्ग

**प्रश्न-** "वृद्धः" पद का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर –** व् + ऋ + द् + ध् + अ + विसर्ग

**प्रश्न-** "स्यूतः" पद का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए

**उत्तर –** स् + य् + ऊ+ त् + अ + विसर्ग

**प्रश्न-** "श्री" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर –** श् + र् + ई

**प्रश्न-** "अमावस्या" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर –** अ + म् + आ + व् + अ + स् + य् + आ (आकारान्त)

**प्रश्न-** "धरित्री" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर –** ध् + अ + र् + इ + त् + र् + ई (ईकारान्त)

**उत्तर –** श् + आ + म् + भ् + अ + व् + ई (ईकारान्त)

**प्रश्न-** "क्रमेलकः" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर –** क् + र् + अ + म् + ए + ल् + अ + क् + अ + विसर्ग (अकारान्त)

**संकेत-** दुर्लभ । उद्योग । प्रसार । सङ्केत । समग्र । सम्बद्ध । पाठ्यक्रम । शिक्षा । संस्कृत । आवृत्ति। भ्रम। आज्ञा। द्वार। क्रिया। वाक्य। आसन्दः। पृथ्वी। मात्रा। सौन्दर्य। संस्कृत। क्षिप्र। ज्योत्स्ना। उज्ज्वल। कार्तिक। समृद्धि। किञ्जल्क। शाण्डिल्य। शाम्भवी।

## वर्णक्रम ज्ञात करना- प्रत्येक छात्र से उत्तरोत्तर शब्द पूछा जाय।

निर्णायक किसी शब्द का चयन करेंगे। उदाहरण: **"सम्बद्ध"** । प्रत्येक छात्र को क्रमशः एक-एक वर्ण बोलने के लिए कहा जाएगा।

उदाहरण के तौर पर- प्रथम छात्र: **स्** - द्वितीय छात्र: **अ** - तृतीय छात्र: **म्** - चतुर्थ छात्र: **ब्** - पांचवा छात्र: **द्** - छठा छात्र: **ध्** - इसी प्रकार आगे शब्दों के लिए प्रक्रिया दोहराई जाएगी।

1. स्थापित → स् + थ् + आ + प् + इ + त्
2. निपुणता → न् + इ + प् + उ + ण् + त् + आ
3. स्थान → स् + थ् + आ + न् + अ
4. मुख्य → म् + उ + ख् + य् + अ

**संकेत-**

हतोत्साहित, धनराशि, चिकित्सा, प्रतिरोधक, निर्माण, उच्चमाध्यमिक, उत्तरोत्तर, पाठ्यसामग्री, दृष्टिकोण, पत्रकारिता, शैक्षणिक, निम्नलिखित, रासायनिक, दुर्गन्ध, चिकित्सकीय ।

## मात्राबोध ज्ञात करना

प्रश्न- पुरुष शब्द के रु में ह्रस्व उकार की मात्रा है या दीर्घ ऊकार की मात्रा ?

उत्तर - पुरुष शब्द के रु में ह्रस्व उकार की मात्रा है ।

1. कुशल → "कु" में ह्रस्व उकार की मात्रा है।

2. गुरु → "रु" में ह्रस्व उकार की मात्रा है।

3. सुर → "सु" में ह्रस्व उकार की मात्रा है।

4. मूर्ति → "मू" में दीर्घ ऊकार की मात्रा है।

5. भूत → "भू" में दीर्घ ऊकार की मात्रा है।

**संकेत-**

**"रु" वर्ण वाले शब्द:**

1. रुचि (आकर्षण, प्रीति) 2. रूपक (दृष्टांत, प्रतीक) 3. रुचिर (सुंदर, मनोहर) 4. रुक्म (सोना) 5. रुचिमान (आकर्षक) 6. रुच्य (सुखदायक) 7. रुज (पीड़ा) 8. रुद्र (शिव का नाम, प्रलयकारी) 9. रुत (आवाज, स्वर) 10. रुदन (रोना) करुणा।

**"रू" वर्ण वाले शब्द:**

1. रूप (आकार, स्वरूप) 2. रूढ़ (विस्तृत, प्रचलित) 3. रूपवान (सुंदर) 4. रूपश्री (सौंदर्य) 5. रूक्ष (शुष्क, कठोर) 6. रूचिका (अभिरुचि) 7. रूच्य (पसंदीदा) 8. रूह (चढ़ना, बढ़ना) 9. रूढिस्थ (स्थिर) 10. रूप्य (चाँदी) रूपक, मरुभूमि।

## व्यञ्जनान्त वर्ण

**प्रश्न-** "गृहम्" पद का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर –** ग् + ऋ + ह् + अ + म् (मकार)

**प्रश्न-** "हृदयम्" पद का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर –**ह् + ऋ + द् + अ + य् + अ + म् (मकार)

**प्रश्न-** "ह्रस्वः" पद का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर –** ह् + र् + स् + व् + अ + विसर्ग

**प्रश्न-** "जगत्" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर –** ज् + अ + ग् + अ + त् (तकार)

**प्रश्न-** "काण्डम्" पद का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर –** क् + आ + ण् + ड् + अ + म् (मकार)

**प्रश्न-** "पर्वन्" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर –** प् + अ + र् + व् + अ + न् (नकार)

## अन्य विविध शब्द तथा पद

**प्रश्न-** "कारण्डवाः" पद का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर –** क् +आ + र् + अ + ण् + ड् + अ + व् + आ + विसर्ग (आकारान्त)

**प्रश्न-** "अन्ये" पद का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर –** अ + न् + य् + ए (एकारान्त)

**प्रश्न-** "सांस्कृतिकी" पद का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर –** स् + आ + अनुस्वार + स् + क् + ऋ + त् + इ + क् + ई  (ईकारान्त)

**प्रश्न-** "चित्राणि" पद का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर –** च् + इ + त् + र् + आ + ण् + इ  (इकारान्त)

**प्रश्न-** शरीर के अङ्ग बोधक एक ऐसा शब्द बोलिए, जिसमें इकार की मात्रा लगी हो।

**उत्तर-** मणिबन्धः

**प्रश्न-** संस्कृत की किसी एक ऐसे पुस्तक का नाम बोलिए, जिसमें ह वर्ण आया हो।

**उत्तर-** हर्षचरितम्

**प्रश्न-** दिशा बोधक एक ऐसा संस्कृत का शब्द बोलिए, जिसमें ईकार की मात्रा लगी हो।।

**उत्तर-** प्राची। प्रतीची। उदीची।

**संकेत-  इसी प्रकार छात्र / छात्राओं से अधोलिखित शब्दों, पदों का वर्ण विच्छेद तथा मात्रा का वर्ण पूछें-**

। दधि । प्रसून । द्विदलम् । दालमुद्गः । धान्यम् । विभक्ति । लवणान्नम् । लावण्यम् । कर्कटिका । लेखनी । काञ्चनारः । उपपन्न । पिष्टिका । आर्द्रकम् । प्रतिबद्ध । मनुष्येश्वर । उच्चलितः । प्लुत । प्रगृह्य । आर्धधातुक । सम्राट् । विसृष्ट । क्षीर। शिष्य। पुराण। बौद्ध । बृहस्पति। ब्राह्मण। क्षत्रिय। वैश्य। कुतर्क। कस्कादि। ऋग्वेद। यजुर्वेद। अथर्ववेद। निमित्त । परिस्थिति । शास्त्र। श्रुति। स्तुति। गार्ग्य। तार्किक। अतर्क्य। यथार्थ। सिद्धान्त । चतुर्विध । उद्देश्यम् । प्रायश्चित्त । कृच्छ्र । मैत्रायणी। प्रातिशाख्य। पौष्कर। माण्डूक्य। बार्हस्पत्य। कल्पद्रुम। काशकृत्स्न। स्फोटायन। आत्यन्तिक । चाक्रवर्मण। उपपन्न । प्रत्याहार। भर्तृहरि। अव्ययीभाव। तत्पुरुष। द्वन्द्व। बहुव्रीहि। प्रतीयमान। व्यतिहार । मत्वर्थ । ईप्सित । प्रीयमाण । सन्निकर्ष । संस्कृत । शब्द । आविष्कृत । सन्धि । स्वरूप । उच्चारण । जिह्वा । प्रयत्न । व्याकरण । अत्यन्त । परिमार्जित । वैज्ञानिक ।

स्वर व्यञ्जन का ज्ञान

**प्रश्न -** "विराम" शब्द में कितने स्वर वर्ण और कितने व्यंजन वर्ण हैं?

**उत्तर-** "विराम" शब्द में 3 स्वर वर्ण तथा 3 वर्ण व्यंजन वर्ण हैं।

**प्रश्न -** "अनुकूल" शब्द में कितने ह्रस्व स्वर वर्ण हैं?

**उत्तर-** "अनुकूल" शब्द में 3 ह्रस्व स्वर वर्ण हैं।

**प्रश्न -** "विपरीत" शब्द में कितने दीर्घ स्वर वर्ण हैं?

**उत्तर-** "विपरीत" शब्द में 1 दीर्घ स्वर वर्ण हैं।

**प्रश्न -** "उत्तर" शब्द में कितने व्यंजन वर्ण हैं?

**उत्तर-** "उत्तर" शब्द में 3 व्यंजन वर्ण हैं ।

**प्रश्न -** "दक्षिण" शब्द में कितने व्यंजन वर्ण हैं?

**उत्तर-** "दक्षिण" शब्द में 4 व्यंजन वर्ण हैं ।

**प्रश्न-** “रुद्र” यहाँ रु में किस प्रकार का स्वर है?

**उत्तर -**  ह्रस्व

प्रश्न- “ऋतम्” इस पद में कितने तथा कौन से वर्ण स्वर हैं?

**उत्तर -** दो स्वर वर्ण हैं- ऋ तथा अ

प्रश्न- "कृती" में कृ में किस प्रकार का स्वर है?

**उत्तर –** ह्रस्व

प्रश्न- "नृणाम्" में कितने ह्रस्व स्वर हैं?

**उत्तर –** कोई नहीं

## शुद्ध/ अशुद्ध वर्तनी । ध्वनि साम्य शब्द परिचय

वृहस्पति शब्द शुद्ध है या बृहस्पति। शुद्ध शब्द बृहस्पति

| | | |
|---|---|---|
| वर्षा ✔ बर्षा | वस्त्र ✔ बस्त्र | विवाह ✔ बिबाह |
| वर्षा ✔ बर्षा वर्षा | विद्या ✔ बिद्या विद्या | वचन ✔ बचन वचन |
| विजय ✔ बिजय | वन ✔ बन | वायु ✔ बायु |
| वन्दना ✔ बन्दना | विज्ञान ✔ बिग्यान विज्ञान | वर्ण ✔ बर्ण वर्ण |
| वृक्ष ✔ बृक्ष | वाणी ✔ बाणी | विकास ✔ बिकास |
| विनय ✔ बिनय | विभा ✔ बिभा | वासना ✔ बासना |
| वार्ता ✔ बार्ता | वास्तु ✔ बास्तु | व्रत ✔ ब्रत |
| वाम ✔ बाम | वाङ्मय ✔ बाङ्मय | व्याकरण ✔ ब्याकरण |
| व्यथा ✔ ब्यथा | व्यास ✔ ब्याश | वृत्ति ✔ बृत्ति |
| वृषभ ✔ बृषभ | | |

अधोलिखित शब्द ब अक्षर से आरंभ होते हैं-

बालकः, बालिका, बलम्, बुद्धिः, बन्धुः, ब्रह्मा, बन्धनम्, बाणः, बर्हिः, ब्रह्मविद्या, बाष्पः, बाष्पिलः, बृहत्, ब्रह्माण्डम्, बकः, बद्धः, बृंहणम्

**"श" अक्षर वाले संस्कृत शुद्ध शब्द:**

1. वैशाखः, 2. परिश्रमः, 3. विशुद्धिः, 4. प्रशंसा, 5. अवश्यम्, 6. उपशमः, 7. निष्कर्षः, 8. विशेषः, 9. आशयः, 10. अभिषेकः, 11. शिष्यः, 12. प्रपञ्चशास्त्रम्, 13. अनुशासनम्, 14. वाक्यविश्लेषणम्, 15. शिक्षणम्।

---

✅ **"स" अक्षर वाले संस्कृत शुद्ध शब्द:**

1. दर्शनम्, 2. आसनम्, 3. प्रसादः, 4. विस्मयः, 5. नासिका, 6. वसन्तः, 7. हस्तः, 8. रसः, 9. बसन्तः, 10. असुरः, 11. कुसुमः, 12. अनसुवा, 13. हसति, 14. दिशासूचकः, 15. विसर्जनम्।

## 2. संस्कृत शब्दकोश अभ्यास (संस्कृत शब्दकोश में अक्षर-क्रम आधारित प्रश्न)

**प्रस्तावना**

संस्कृत शब्दकोश (कोश) के *वर्णक्रम* को विद्यार्थियों के लिए सरल एवं बोधगम्य बनाने हेतु नीचे प्रश्नों की एक रूपरेखा

प्रस्तुत की गई है। इन प्रश्नों के अभ्यास से छात्र *कोशीय क्रम* (dictionary order) को भली-भाँति समझ सकेंगे तथा उन्हें संस्कृत कोश-ग्रंथों में शब्दों की खोज में सुविधा प्राप्त होगी।

Q. शब्दकोश में "देवः" पहले आएगा या "देशः"?

A. "देशः" पहले आएगा।

Q. शब्दकोश में "कर्म" पहले आएगा या "कर्कश"?

A. "कर्कश" पहले आएगा।

Q. शब्दकोश में "मित्रम्" पहले आएगा या "मृदु"?

A. "मित्रम्" पहले आएगा।

Q. शब्दकोश में "गुरुः" शब्द पहले आएगा या "गुर्वी"?

A. "गुरुः" शब्द पहले आएगा।

Q. शब्दकोश में "प्रकाशः" पहले आएगा या "प्रकर्षः"?

A. "प्रकर्षः" पहले आएगा।

Q. शब्दकोश में "सत्यः" पहले आएगा या "सत्यम्"?

A. "सत्यः" पहले आएगा।

प्रश्न- शब्दकोश में "आकार" शब्द पहले आएगा या "आकृति" ?

उत्तर - आकार शब्द पहले आएगा ।

प्रश्न- शब्दकोश में "कथङ्कारम्" शब्द पहले आएगा या कथञ्चित् ?

उत्तर - "कथङ्कारम्" शब्द पहले आएगा

Q. शब्दकोश में "नयनम्" पहले आएगा या "नारी"?

A. "नयनम्" पहले आएगा।

Q. शब्दकोश में "उद्यानम्" पहले आएगा या "उदधिः"?

A. "उदधिः" पहले आएगा।

संकेत- कण्ठभूषा में कथम्भूत में (कण्ठभूषा) । कनिष्ठ- कन्दु में (कनिष्ठ) तुरीय - तुरीप (तुरीप)

## दैनिक उपयोग के हिन्दी शब्दों के संस्कृत रूप

🏠 घर में उपयोग होने वाले शब्द

हिन्दी | संस्कृत

- ------------- - |------------------ -

- घर गृहम् / आवासः

- दरवाज़ा द्वारम्

- खिड़की        वातायनम् / गवाक्षः

- दीवार        भित्तिः

- कुर्सी        आसन्दी / पीठिका

- मेज़ / टेबल उत्पीठिका

- बिस्तर / पलंग - पर्यङ्कः / शय्या

- तकिया        उपधानम्

- अलमारी        कपाटिका

- पंखा        व्यजनम्

- दीपक        दीपः

🍽️ **भोजन से संबंधित शब्द**

- हिन्दी |        संस्कृत

- ---------- -| -------------------- -

- खाना        भोजनम् / आहारः

- जल / पानी  - जलम् / अंबुः / तोयम्

- दूध        दुग्धम्

- दही        दधि

- चावल        तण्डुलाः

👨‍👩‍👧 रिश्ते और लोग

- हिन्दी |        संस्कृत

- ---------- - |------------- -

- पिता        जनकः / पिताः  -

- माता        मातरः

- भाई        भ्राता

- बहन        भगिनी

- पुत्र        पुत्रः

- पुत्री        पुत्री / तनया -

- आदमी        नरः / पुरुषः  -

- स्त्री        नारी / स्त्री

📅 समय व दिनचर्या

- हिन्दी  |    संस्कृत

- ---------- -| ---------------- -

- दिन        दिवसः

- रात    रात्रिः
- सुबह    प्रातःकालः / उषा
- शाम    सायंकालः
- घड़ी    घटिका
- समय    समयः
- सप्ताह   सप्ताहः / सप्ताहः

### विद्यालय और पढ़ाई

- हिन्दी  |  संस्कृत
- ---------- -| ------------------ -
- विद्यालय पाठशाला  विद्यालयः
- पुस्तक    पुस्तकम् / ग्रन्थः
- कक्षा    कक्ष्या
- छात्र    छात्रः
- अध्यापक   शिक्षकः / आचार्यः
- कलम    लेखनी
- कागज़    पत्रम्

प्रश्नः "कान" के लिए संस्कृत शब्द क्या है?
उत्तरः कर्णः।

प्रश्नः "नाक" के लिए संस्कृत शब्द क्या है?
उत्तरः नासिका।

प्रश्नः "ओठ" का संस्कृत शब्द क्या है?
उत्तरः ओष्ठः।

प्रश्नः "भ्रू" का अर्थ किस अंग से है?
उत्तरः भौं (भ्रू)।

प्रश्नः संस्कृत में "किताब" को क्या कहते हैं?
उत्तरः पुस्तकम्।

प्रश्नः "अध्यापक" का संस्कृत शब्द क्या है?
उत्तरः शिक्षकः।

प्रश्नः "माँ" का संस्कृत शब्द क्या है?
उत्तरः जननी।

प्रश्नः "आकाश" का संस्कृत शब्द क्या है?
उत्तरः नभः।

प्रश्न: "रात" को संस्कृत में क्या कहते हैं?

उत्तर: रात्रिः।

प्रश्न: "दोस्त" का संस्कृत शब्द क्या है?

उत्तर: सखा।

प्रश्न: "खाना" का संस्कृत शब्द क्या है?

उत्तर: भोजनम्।

प्रश्न: "धरती" को संस्कृत में क्या कहते हैं?

उत्तर: भूमिः, धरित्री।

प्रश्न: "छात्र" का संस्कृत में पर्याय क्या है?

उत्तर: विद्यार्थी, छात्रः।

प्रश्न: "गाँव" का संस्कृत शब्द क्या है?

उत्तर: ग्रामः।

प्रश्न: "पहाड़" को संस्कृत में क्या कहते हैं?

उत्तर: पर्वतः।

प्रश्न: "आग" का पर्यायवाची शब्द क्या है?

उत्तर: अग्निः।

प्रश्न: "हवा" को संस्कृत में क्या कहते हैं?

उत्तर: वायुः।

## शरीर के अंगों के नाम

- **प्रतियोगिता का स्वरूप:**

1. **प्रतिभागी** एक-एक कर मंच पर आएँगे।
2. उन्हें लिखित एक-एक **संस्कृत शब्द** दिया जाएगा (या पहले से सूची दी जा सकती है)।
3. वे लिखित शब्द का **संस्कृत में उच्चारण करेंगे** – जैसे "जिह्वा"।
4. उसके साथ-साथ वे **उस अंग को छूकर या अभिनय कर प्रदर्शित** करेंगे – जैसे जीभ बाहर निकाल कर दिखाना।

इसी प्रकार इनसे पूछे जा सकते हैं। यथा-

**भुजा –** बाहुः, भुजः । **हाथ –** करः/हस्तः/पाणिः । **कोहनी –** कूर्परः । **हाथ का अँगूठा –** अंगुष्ठः । **अंगुली –** अंगुलिः । **दाँत –** रदनः/ दन्तः । **हृदय/दिल –** हृदयम् । **मन –** चित्तम्/मनः । **छाती –** उरः/वक्षःस्थलम् । **स्तन –** स्तनः । **नाखून –** नखः । **दाढ़ी –** कूर्चम् । **हथेली –** करतलम् । **पेट –** उदरम् । **फेफड़ा –** फुफ्फुसः । **कमर –** कटिः । **रीढ़ की हड्डी –** मेरुदण्डः । **पीठ –** पृष्ठम् । **त्वचा –** चर्मः/त्वक् । **पैर –** चरणः, पादः । **घुटना –** जानुः । **टखना –** गुल्फः । **एडी –** पार्ष्णिः । **तलवा –** पदतलम् । **हड्डी –** अस्थिः । **आँसू –** अश्रु । **जाँघ–** जंघा ।

**प्रश्न**- शरीर के किस अङ्ग को कूर्पर कहते हैं

**उत्तर**- कोहनी

इसी प्रकार अन्य अङ्गों के नाम पूछे जा सकते हैं। यथा- स्कन्ध (कन्धा), अन्त्रम् (आँत), कनीनिका (आँख की पुतली), तर्जनी (अँगूठे के पास वाली अँगुली), पार्ष्णिः (एड़ी), जत्रु (कन्धे की हड्डी), मणिबन्धः (कलाई), रक्तम्, शोणितम् (खून), गण्डः (कनपटी), चपेटा (थप्पड़), छोटिका (चुटकी), अनामिका (कनिष्ठा के पास वाली अँगुली), चिबुकम् (ठुड्डी/ ठोडी), तुन्दम् (तोंद), शिरा (धमनी), स्नायुः (नाड़ी), अधरोष्ठः (होठ), पञ्चाङ्गुलम् (पञ्जा), गुल्मः (प्लीहा), काकुदम् (मसूढा), वक्त्रम् (मुख), मेरुदण्डम् (रीढ़), पलितम् (श्वेत केश), मज्जा (हड्डी के अन्दर की वसा), करतलम् (हथेली)

## सम्बन्धियों के नाम (हिन्दी से संस्कृत)

**हिन्दी -** संस्कृत

**पिता** -पिता/जनकः/ तातः, **माँ** - अम्बा/माता/जननी, **दादा (बाबा)** - पितामहः, **दादी (दाई)** पितामही **परदादी–** प्रपितामही, **नाना-** मातामहः, **परनाना-** प्रमातामहः, **भाई-**भ्राता, **बड़ा भाई-**अग्रजः, **छोटा भाई-**अनुजः, **सगा भाई-**सहोदरः, **सौतेला भाई-**विमातृजः, **चचेरा भाई-**पितृव्यपुत्रः/पितृव्यजः, **ममेरा भाई-** मातुलपुत्रः/मातुलेयः, **बहिन-** भगिनी/स्वसा, **सगी बहिन-** सहोदरा, **पति-** पतिः/भर्त्ता/वरः, **पत्नी-** अर्धाङ्गिनी/पत्नी/भार्या/जाया, **मामा-** मातुलः, **मामी-** मातुली, मातुलानी, **भाभी (भौजी)** भ्रातृजाया/ प्रजावती/भामिनी, **साला-** श्यालः, **साली-** श्याली/श्यालिका, **सास-** श्वश्रूः, **ससुर-** श्वसुरः, **दामाद-** जामाता, **भानजी** -भागिनेयी/ स्वस्त्रीया, **दोस्त-** सखा / मित्रम् / वयस्यः / सुहृद् / सार्थी, **सहेली-** आलिः/ वयस्या/ सखी/सहचरी

## फलों के नाम

**कच्चाफल** (शलाटुः), **कटहल**(पनसम्), **करौंदा** (करमर्दः), **किशमिश** (शुष्कद्राक्षा), **कचनार** (कोविदारम्), **खीरा** (त्रपुषम्),**फूट/ककड़ी** (उर्वारुकम्), **चिरौंजी** (प्रियालम्), **छुहारा** (शुष्कखर्जूरम्, क्षुधाहरम्), **नींबू** (जम्बीरम्, निम्बुकम्), **पपीता** (मधुकर्कटी, एरण्डफलम्), **बेर** (बदरीफलम्, कर्कन्धुः), **मुसम्बी** (मातुलुङ्गः), **मूंगफली** (कलायः), **लीची** (लीचिका), **शरीफा** (सीताफलम्), **सहतूत** (तूलम्), **संतरा** (नारङ्गम्) **सिंघाड़ा** (श्रृङ्गाटकम्), **हड़** (हरीतकी) ।

## पशुओं के नाम

गिलहरी (चिक्रोडः, काष्ठमार्जारः, वृक्षमार्जारः), घड़ियाल (ग्राहः), चीता (चित्रकः, शार्दूलः), तेन्दुआ (तरक्षः), बकरा (अजः, छागः), बन्दर (कपिः, शाखामृगः, कीशः, वानरः), बैल (बलीवर्दः, वृषभः), लङ्गूर (लाङ्गुलिः), हिरन (हरिणः, मृगः) हथिनी (करिणी, हस्तिनी), हाथी का बच्चा (कलभः, करिशावकः), लोमड़ी (लोमशा, लोमाली, लोमशः), भेड़ (मेषः, एडकः, ऊर्णायुः), भेड़िया (वृकः, ईहामृगः), बाघिन (व्याघ्री),

## भोज्य एवं पेय पदार्थों के नाम

प्रश्न- मक्खन को संस्कृत में क्या कहते हैं?

नवनीतम् ।

**प्रश्न पूछने हेतु संकेत-**

**गेहूँ-** गोधूमः । **घी-** घृतम्, आज्यम्, सर्पिः । **चटनी–** अवलेहः । **चना-**चणकः ।**चमचम-** चमनम् । **चाय** - चायम् । **चावल** - तण्डुलः ।**चिउड़ा-** चिपिटान्नम् । **चीनी-**सिता । **जलपान-** जलपानम्, अल्पाहारः, स्वल्पाहारः । **जलेबी** - कुण्डली, कुण्डलिका । **जौ-**यवः । **टाफी-** गुल्यः । **टी-पार्टी** - सपीतिः प्रीतिभोजः । **टोस्ट-** मृष्टापूपः । **ठण्डा** – शीतलम्, शीतम् ।**डबलरोटी** - अभ्यूषः ।**तरकारी, सब्जी** - व्यञ्जनम्, शाकम् । **ताजा-** अभिनवः । **तिल-** तिलः

।**तीसी**- अतसी। **दही** -दधि । **दहीबड़ा**- दधिवटकः । **दाल(कच्ची दली हुई)**- द्विदलम् । **दाल (पकी)** - सूपः । **दालभरी पूरी**- शष्कुली । **दालमोट** - दालमुद्गः । **दूध** - दुग्धम्, पयः । **धान**- धान्यम्, शालिः । **नमकीन** - लवणान्नम्, लावण्यम् । **नशा**- मदः, मत्तता ।**पकवान** - पक्वान्नम् । **पका अन्न**- सिद्धान्नम् । **परबल** - पटोलम् । **पराठा**- पोलिका, प्ररोटिका, प्ररोटः । **पानी**- जलम्, नीरम्, पयः । **पानीपूरी**–जलपूरिका। **पापड़** -पर्पटः । **पुलाव** – पुलाकः ।**पुआ** - पूपः, पीठिका । **पुदीना**-अजगन्धः । **पूरी** - शष्कुली, पूलिका, पूरिका । **पेड़ा**– पिण्डः। **प्याज** - पलाण्डुः । **प्रातःकालीन जलपान**–प्रातराशः ।**फुलौरी**- माषवटी, पोटली, पुष्पवटी ।

## वृक्षों के नाम

**छात्रों से वृक्षों का संस्कृत नाम पूछा जाय-**

आम- आम्रः **बरगद** - वटः या पर्कटी **पीपल** - अश्वत्थः **नीम** - निम्बः **बांस**- वेतसः **देवदार** - देवदारुः या देववृक्षः **चीड़**- भद्रदारुः **चंदन**- चन्दनम् **पेड़** – वृक्षः, तरुः, **बरगद** – वटः, ताड़ – तालः, **खजूर**– खर्जूरम् खर्जुरा, भूमिखर्जूरिका, दुरारोहा, स्वादुमस्तका, **शीशम** – शिंशपा, **अशोक**– अशोकः, **सागौन**– किंशुकः, **गूलर** – उदुम्बरम्, प्लक्षः, **करञ्ज** – करञ्जः, **बबूल**– कण्टकवृक्षः, कोकरः, बर्बुरः, **इमली**– अम्लिका, तिंतिडी, **अखरोट** – अक्षोटः, **रेड़** – एरण्डः, **महुआ** – मधुकः, **सेमर** – शाल्मलिः ।

## वस्त्रों के नाम

कपड़ा –वस्त्रम्, चीरम्, वसनम् । कोट-प्रावारः । कुरता - कञ्चुकः, निचोलः । गद्दा-तुलसंतरः । गलेबन्द / टाई – गलबन्धनांशुकम् । चादर – शय्याच्छादनम् । चोली – कंचुकी। जाँघिया – अर्धोरुकम् । टोपी – शिरच्छदः । धोती – अधोवस्त्रम् । पगड़ी – उष्णीषम् । परदा-यवनिका, तिरस्करिणी । पायजामा – पादयामः । पेटीकोट – अन्तरीयम् । पैंट – आप्रपदीनम् । बिछौना - शय्या, आस्तरणम् । मोजा - पादत्राणम्, रजाई - तूलिका, नीशारः । रुमाल – करवस्त्रम् । शेरबानी-प्राबारकम् । सलवार-स्यूतवरः । साड़ी-शाटिका । सूती - कार्पासम्, स्वेटर-ऊर्णावस्त्रम् ।

## प्रचलित विदेशी शब्द का संस्कृत शब्द

**विदेशी शब्द** संस्कृत शब्द

Q: **अलमारी** का संस्कृत शब्द? A: कपाटिका

Q: **अस्पताल** संस्कृत में क्या कहलाता है? A: चिकित्सालयः / रुग्णालयः

Q: **आईना** को संस्कृत में क्या कहते हैं? A: दर्पणः

Q: **आइस क्रीम** का संस्कृत अनुवाद? A: पयोहिमम्

Q: **आदमी** का संस्कृत शब्द? A: मानवः / नरः / मनुष्यः

Q: **आप** को संस्कृत में क्या कहा जाता है? A: भवान्

Q: **आफ़त** को संस्कृत में क्या कहते हैं? A: आपात् / दुर्घटना

Q: **आबरू** का संस्कृत पर्याय? A: अभिमानः

Q: **आमदनी** को संस्कृत में क्या कहते हैं? A: आय

Q: **आलू** को संस्कृत में क्या कहते हैं? A: आलुकम्

Q: **आवारा** शब्द का संस्कृत शब्द? A: भ्रान्तः

Q: **आसमान** का संस्कृत अनुवाद क्या है? A: आकाशः / गगनम्

Q: **इंडिया** का संस्कृत नाम? A: भारतम्

Q: **इरादा** को संस्कृत में क्या कहा जाता है? A: मतिः

Q: **इशारा** को संस्कृत में क्या कहते हैं? A: सङ्केतः

Q: **ईख** को संस्कृत में क्या कहते हैं? A: इक्षु

Q: **ईमान** का संस्कृत शब्द? A: सत्यम्

**ईमान** - सत्यम्, **उपन्यास** - उपन्यासः, **उर्दू** - उर्दू, **उस्ताद** - गुरुः/शिक्षकः/निर्देशकः, **एग्रीकल्चर** - कृषिः, **एग्रोनॉमी** - कृषिविज्ञानम्, **एहसान** - कृपा, **ऐनक** - उपनेत्रम्, **ऑपरेशन** - शल्यचिकित्सा, **ऑफिसर** - अधिकारी, **औरत** - स्त्री/नारी, **औलाद** - अपत्य:/तनुजः, **कप** - चषकः, **कबूतर** - कपोतः, **कलेक्टर** - संग्राहकः, **काजू** - काजवम्, **कारीगर** - शिल्पी/कारुकः, **किचन** - पाकशाला, **किताब** - पुस्तकम्/ग्रन्थः, **कुर्ता** - युतकम्/कञ्चुकः, **कुर्सी** - आसन्दिका, **केक** - स्निग्धपिष्टकम्, **कैंची** - कर्तरी, **कैलेंडर** - दिनदर्शिका, **कॉपी** - लेखनपुस्तिका, **कॉलेज** - महाविद्यालयः, **कोर्ट** - न्यायालयः, **खत** - पत्रम्, **खारिज** - निरस्तम्/निराकृतः, **खिड़की** - गवाक्षः, **खिलौना** - क्रीडनकम्, **खुश** - प्रसन्नः/प्रफुल्लितः/मुदितः, **गंदा** - अस्वच्छम्, **गमला** - द्रोणपुष्पम्/गोमला, **गलीचा** - कुथः, **गवाह** - साक्षी, **ग्राउंड** - क्षेत्रम्, **ग्लास** - चषकः, **चश्मा** - उपनेत्रम्, **चाक** - सुधाखण्डः, **चाकू** - छुरिका, **चाबी** - कुञ्जी/कुञ्चिका, **चाय** - चायम्, **चालाक** - चतुरः, **चॉकलेट** - चाकलेहः, **जज** - निर्णायकः, **जमीन** - भूमिः, **जलेबी** - मृतशष्कुली, **जिला** - जनपदम्, **जीरो** - शून्यम्, **जुकाम** - प्रतिश्यायः, **जुलाहा** - तन्तुवायः, **जूस** - जूष, **जेल** - कारागृहम्, **ज़ेवर** - आभूषणम्, **टमाटर** - हिण्डीरः/रक्ताङ्गः, **टेबल** - उत्पीठिका, **टैक्स** - करः, **टॉफी** - गुल्यः, **टोस्ट** - भ्रष्टापूपः, **ट्रेन** - रेलयानम्, **ठग** - वञ्चकः, **डेमोक्रेसी** - प्रजातन्त्रम्/जनतन्त्रम्, **डॉक्टर** - चिकित्सकः/वैद्यः, **तंबाकू** - तमाखुः/ताम्रकूटः, **तकिया** - उपधानम्/शिरोधानी,

## संख्या-ज्ञानम्

1. **प्रश्न:** ‘1’ को संस्कृत में क्या कहते हैं?

   **उत्तर:** एकम्

2. **प्रश्न:** ‘5’ को संस्कृत में क्या कहते हैं?

   **उत्तर:** पञ्च

3. **प्रश्न:** ‘10’ को संस्कृत में क्या कहते हैं?

   **उत्तर:** दश

4. **प्रश्न:** ‘15’ को संस्कृत में क्या कहते हैं?

   **उत्तर:** पञ्चदश

5. **प्रश्न:** ‘20’ को संस्कृत में क्या कहते हैं?

   **उत्तर:** विंशतिः

**प्रश्न-** पञ्च से लेकर नव तक संख्यावाची शब्द बोलिए-

**उत्तर –** पञ्च, षट्, सप्त, अष्टौ या अष्ट, नव ।

**प्रश्न-** षट् से लेकर एकादश तक संख्यावाची शब्द बोलिए-

**उत्तर -** षट्, सप्त, अष्टौ या अष्ट, नव, दश, एकादश ।

**प्रश्न-** दश से लेकर षोडश तक संख्यावाची शब्द बोलिए-

**उत्तर -** दश, एकादश, द्वादश, त्रयोदश, चतुर्दश, पंचदश, षोडश।

**प्रश्न-** नवनवतिःके पूर्व कौन संख्या आती है?

**उत्तर –** (अष्टनवतिः/ अष्टानवतिः)

**संकेत-** इसी प्रकार अन्य प्रश्न पूछने हेतु अधोलिखित संख्या दी जा रही है।

सप्तदश, अष्टादश, नवदश/ऊनविंशतिः,

एकोनविंशतिः, विंशतिः, एकविंशतिः, द्वाविंशतिः, त्रयोविंशतिः, चतुर्विंशतिः, पंचविंशतिः, षड्विंशतिः, सप्तविंशतिः, अष्टा विंशतिः, नवविंशतिः/एकोनत्रिंशत्/ऊनत्रिंशत्, त्रिंशत् ।

शतम् (100) - सहस्रम् (1000) अयुतम् (10^4) लक्षम् (10^5) प्रयुतम् (10^6) कोटि (10^7) अर्बुदम् (10^8) अब्जम् (10^9) खर्वम् (10^10) निखर्वम् (10^11) पद्मम् (10^12) शंखम् (10^13) समुद्रम् (10^14) अंत्यम् (10^15) मध्यम् (10^16) परार्धम् (10^17)

**हिन्दी से संस्कृत संस्कृत से हिन्दी पूछें-**

**संकेत-** पञ्चविंशतिः – पचीस, षड्विंशतिः – छब्बीस, एकादश – ग्यारह, द्वादश – बारह, त्रयोदश – तेरह, चतुर्दश – चौदह, एकत्रिंशत् – इकतीस, द्वात्रिंशत् –बत्तीस, त्रयस्त्रिंशत्- तैंतीस, चतुस्त्रिंशत्- चौंतीस, पञ्चत्रिंशत् – पैंतीस, अष्टपञ्चाशत् (अष्टापञ्चाशत् ) अठावन, नवपञ्चाशत्, ऊनषष्टिः या एकोनषष्टिः – उनसठ, षष्टिः – साठ, एकषष्टिः – इकसठ, द्वाषष्टिः (द्विषष्टिः) – बासठ, त्रयःषष्टिः (त्रिषष्टिः) - तिरसठ

## रंगों के नाम

प्रश्नः सफेद रंग को संस्कृत में क्या कहते हैं?

उत्तरः सफेद को संस्कृत में श्वेतः, शुक्लः, अर्जुनः, धवलः कहते हैं।

प्रश्नः हरे रंग को संस्कृत में क्या कहते हैं?

उत्तरः हरे को संस्कृत में पलाशः, हरितः कहते हैं।

प्रश्नः लाल रंग को संस्कृत में क्या कहते हैं?

उत्तरः लाल को संस्कृत में रक्तवर्णः, लोहितः, रक्तः कहते हैं।

**सफेद वर्ण (श्वेतवर्णः) के पर्याय (13)** –

शुक्लः (शुद्ध श्वेत), शुभ्रः (उज्ज्वल श्वेत), शुचिः (पवित्र सफेद),
श्वेतः (सामान्य सफेद), विशदः (स्पष्ट उज्ज्वल), श्येतः (श्वेत का ही रूप),
पाण्डरः (हलका सफेद), अवदातः (उज्ज्वल), सितः (चमकीला सफेद),
गौरः (गौरवर्णी), अवलक्षः (कोमल उज्ज्वल), धवलः (धुले हुए जैसा),
अर्जुनः (श्वेतवर्णी वृक्ष या रंग)।

**प्रश्न-** रंग वाचक एक ऐसा संस्कृत का शब्द बोलिए, जिसमें त अक्षर लगा हो।।

**सफेद** = श्वेतः, शुक्लः, अर्जुनः, धवलः। **हरा** = पलाशः, हरितः। **बैंगनी** = धूमलवर्णः। **लाल** = रक्तवर्णः, लोहितः, रक्तः। **काला** = कालः, श्यामः, कृष्णः। **नारंगी** = नारङ्गवर्णः, कौसुम्भः, नारिङ्गः। **नीला** = नीलः। बैंगनी = धूमलवर्णः, धूम्रवर्णः, शोणः। **गुलाबी** = श्वेतरक्तः, पाटलः। **पीला** = हरिद्राभः, पीतः।

इसी तरह क अक्षर, न अक्षर आदि से पूछा जाय ।

**समयवाचक शब्द**

घड़ी = घटिका / घटिः

समय = समयः

बजे = वादनम्

घंटा = होरा

मिनट = निमेषः

सेकेन्ड = क्षणम्

पौने = पादोन

सवा = सपाद

साढे = सार्धम्

अधिक = अधिकम्

कम = न्यूनम् अथवा ऊनम्

**01 से लेकर 12 बजे तक का समय पूछना**

एक बजे = एकवादानम्

दो बजे = द्विवादनम्

तीन बजे = त्रिवादनम्

चार बजे = चतुर्वादनम्

12 बजे = द्वादशवादनम्

**सवा (सपाद) का समय पूछना**

(1) सवा बजे = सपाद-एकवादनम् (1 बजकर 15 मिनट)

(2) सवा दो बजे = सपाद-द्विवादनम् (2 बजकर 15 मिनट)

**साढ़े (सार्ध) का समय पूछना-**

(1) डेढ़ बजे = सार्ध-एकवादनम् (1 बजकर 30 मिनट)

(2) ढाई बजे = सार्ध-द्विवादनम (2 बजकर 30 मिनट

**पौने (पादोन) का समय पूछना-**

(1) पौन बजे = पादोन-एकवादनम् (12 बजकर 45 मिनट)

(2) पौने दो बजे = पादोन-द्विवादनम् (1 बजकर 45 मिनट)

**अधिकम् और न्यूनम् या ऊनम् युक्त समय पूछना**

(1) 2 बजकर 10 मिनट - दश अधिकम् द्विवादनम्

(2) 4 बजकर 25 मिनट - पंचविंशति अधिकं चतुर्वादनम्

(01) 06 बजने में 10 मिनट कम = दश न्यूनं षड्वादनम्

(02) 08 बजने में 12 मिनट कम = द्वादश न्यूनम् अष्टवादनम्

(03) 01 बजने में 07 मिनट कम = सप्त न्यूनं एकवादनम्

(04) 03 बजने में 09 मिनट कम = नव ऊनम् त्रिवादनम्

(05) 05 बजने में 01 मिनट कम = एक ऊनम् पंचवादनम्

पर्यायवाची शब्द (संस्कृत में)

**प्रश्न-** " शिक्षकः " इसका एक समानार्थक पद बोलें।

**उत्तर -** आचार्यः

**प्रश्न-** " सूर्यः" का एक पर्यायवाची पद बोलें।

**उत्तर -** आदित्यः

**प्रश्न-** संस्कृत का कोई दो पर्यायवाची बोलें।

**उत्तर-** भारती, अमरभारती, अमरवाणी, सुरभारती, सुरवाणी, गीर्वाणवाणी, गीर्वाणी, देववाणी, देवभाषा

**प्रश्न-** " नदी" का एक पर्यायवाची पद बोलें।

**उत्तर –** सरित्, पयस्विनी, निम्नगा, स्रोतस्विनी ।

प्रश्न - "मेघ" का एक पर्यायवाची शब्द बोलें।

**उत्तर –** वारिद, जलद, पयोद ।

प्रश्न - "समुद्र" का एक पर्यायवाची शब्द बोलें।

उत्तर – सागर, जलधि, पयोधि, वारिधि

प्रश्न - "हस्त" का एक पर्यायवाची शब्द बोलें।

उत्तर – कर, पाणि ।

प्रश्न - "गो" का एक पर्यायवाची शब्द बोलें।

उत्तर – सुरभि, धेनु, भद्रा ।

**प्रश्न-** "माता" इसका एक समानार्थक पद बोलें।

उत्तर – जननी, अम्बा ।

**प्रश्न-** "निशा" इसका एक समानार्थक पद बोलें।

उत्तर – रजनी, विभावरी, यामिनी, यामा ।

**प्रश्न-** "लोहित" इसका एक समानार्थक शब्द बोलें।

उत्तर – रक्त,

**प्रश्न-** "कमल" इसके दो समानार्थक शब्द बोलें।

उत्तर –पंकज, नीरज, जलज, पद्म, सरोज, पुण्डरीक,  अरविन्द, इन्दीवर, शतदल ।

**संकेत-** इसी प्रकार वस्तुओं, फलों, वृक्षों, अंग आदि के पर्यायवाची पूछे जाएँ।

विलोम शब्द (संस्कृत से संस्कृत)

**प्रश्न-** “अंतरंगम्" इस पद का विपरीतार्थक पद बोलें।

उत्तर – बहिरंगम्

**प्रश्न-** “अज्ञः" इस पद का विपरीतार्थक पद बोलें।

उत्तर – विज्ञः

**प्रश्न-** “अत्र" इस पद का विपरीतार्थक पद बोलें।

उत्तर – तत्र

**प्रश्न-** “पुरातनः" इस पद का विपरीतार्थक पद बोलें।

उत्तर –अधुनातनः

**प्रश्न-** “अन्तर्मुखी" इस पद का विपरीतार्थक पद बोलें।

उत्तर – बहिर्मुखी

**प्रश्न-** “कटुः" इस पद का विपरीतार्थक पद बोलें।

उत्तर - मृदुः

**प्रश्न-** "दीर्घः" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

उत्तर – ह्रस्वः

**प्रश्न-** "लौकिकः" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

उत्तर – अलौकिकः

**प्रश्न-** "कनिष्ठः" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

उत्तर – वरिष्ठः, ज्येष्ठः

**प्रश्न-** "सन्धिः" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

उत्तर – विग्रहः

**प्रश्न-** "निरक्षरः" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

उत्तर – साक्षरः

**प्रश्न-** "सधवा" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

उत्तर – विधवा

**प्रश्न-** "स्वकीयः" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

उत्तर – परकीयः

**प्रश्न-** "अतिवृष्टिः" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

उत्तर – अनावृष्टिः

**प्रश्न-** "आधुनिकः" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

उत्तर – प्राचीनः

**विरुद्धार्थक पद पूछने हेतु संकेत-**

मृदुः (कठोरम्) स्वस्थः (अस्वस्थः) नीतिः (अनीतिः) धर्मः (अधर्मः) श्वेतः (कृष्णः) आदानम् (प्रदानम्) साक्षरः (निरक्षरः) अनुकूलः (प्रतिकूलः) उदयः (अस्तः) आगमनम् (गमनम्) उत्थानम् (पतनम्) क्रयः (विक्रयः) कृतज्ञः (कृतघ्नः) तीव्रम् (मन्दम्) प्रत्यक्ष (परोक्ष) पापम् (पुण्यम्) मित्रम् (शत्रुः) साकारः (निराकारः) सुलभः (दुर्लभः) अन्तः (वाह्य) जन्म (मृत्यु) उदीची (अवाची) सुरूपम् (कुरूपम्) प्राचीनम् (नवीनम्) भृत्यः (स्वामी) खिन्नम् (प्रसन्नम्) स्थूलः (सूक्ष्मः) मधुरम् (कटुः) प्रभातः (सायम्) चलम् (अचलम्) सुपुत्रः (कुपुत्रः) निजः (परः) प्रियम् (अप्रियम्) विद्वान् (मूर्खः) सत्यम् (असत्यम्) भयः (निर्भयः) एकः (अनेकः) अनुरक्तः (विरक्तः) आकुञ्चनम् (प्रसारणम्) ईषत् (अलम्) ऋजुः (वक्रम्) कृशः (स्थूलः) गुरुः (लघुः) देवः (दानवः) पृथुः (तनुः) रिक्तः (पूर्णम्)

3. ⏭ **अगला चरण – "लिंग ज्ञान"**

शब्द का लिंग

**प्रश्न-** संस्कृत में कितने लिंग होते हैं –

**उत्तर-** 3

**प्रश्न-** संस्कृत के तीनों लिंगों का नाम बताईये

**उत्तर-** पुंलिङ्ग, स्त्रीलिंग तथा नपुंसक लिंग ।

**प्रश्न- बकः** किस लिंग का शब्द है ?

**उत्तर** - बकः पुल्लिंग शब्द है ।

**प्रश्न- सुधा** किस लिंग का शब्द है ?

**उत्तर** - सुधा स्त्रीलिंग का शब्द है ।

**प्रश्न-** पिपीलिका किस लिंग का शब्द है ?

**उत्तर** - पिपीलिका स्त्रीलिंग का शब्द है ।

**प्रश्न-** अङ्ग किस लिंग का शब्द है ?

**उत्तर** - अङ्ग नपुंसक लिंग का शब्द है ।

**प्रश्न-** 'सूर्य' किस लिंग का शब्द है ?

**उत्तर** –पुंलिङ्ग

**प्रश्न-** 'अनुजः' किस लिंग का शब्द है ?

**उत्तर** –पुंलिङ्ग

**प्रश्न-** 'विडाल' किस लिंग का शब्द है ?

**उत्तर** –पुंलिङ्ग

**प्रश्न-** 'मार्गः' किस लिंग का शब्द है ?

**उत्तर** –पुंलिङ्ग

**प्रश्न-** 'उत्सव' किस लिंग का शब्द है ?

**उत्तर** –पुंलिङ्ग

**पुंलिङ्ग शब्द**

- सूर्यः, अनुजः, विडाल, शुक, कृषक, हरित, पीत, पूर्वाह्न, पक्षिणः, मोदकः, मधुमष्टः, पिण्डः,मिष्टपाकः, कृपाणः, हिमालय, कुडवः, पणः, भवान्, मुनि, पति, भानु, गुरु, महान्

**स्त्रीलिंग शब्द** - नासिका, सूची, मातुली, मातामही, भगिनी, तनू, विद्युत्, रात्रि, क्षितिः, जननी, दुग्धपूपिका, कूर्चिका, चक्रिका, सूचिका, भूमि, दिश्, एषा, मति, धेनुः, महती

**नपुंसक लिंग शब्द**

- चित्र, पत्र, गीत, गृह, आम्र, पुष्प, कमल, तक्र, शरीर, विष, पाप, रूप, रसगोलक, नैमिषारण्यम्, संयावकम्, कुटुम्बक, वारि, जल, यशः, युद्ध, मित्र, ज्ञान, शरीर, निधान, जगत्, नाम, मनः, पयः, मधु

⏭ **अगला चरण – "सर्वनाम शब्द"**

सर्वनाम शब्द

**प्रश्न-** सः किस सर्वनाम शब्द का रूप है ?

**उत्तर** - तत् सर्वनाम शब्द का रूप है ।

**वाक्य में सर्वनाम पद को पहचानना।**

1. तव पुस्तकं कुत्र अस्ति?
   सर्वनाम पदः- **तव**
2. अहं विद्यालयं गच्छामि।
   सर्वनाम पदः- **अहं**
3. सः गुरुः आगच्छति।
   सर्वनाम पद: **सः**
4. एते जनाः क्रीडायाम् सम्मिलन्ति।
   सर्वनाम पद: **एते**
5. कस्य मित्रं आगतम्?
   सर्वनाम पद: **कस्य**
6. यदा त्वं आगमिष्यसि, तदा गृहम् शोभनम् भविष्यति।
   सर्वनाम पद: **त्वं**
7. अस्माकं गृहम् अतीव सुन्दरम् अस्ति।
   सर्वनाम पद: **अस्माकं**
8. उपवेशनं मम प्रियं।
   सर्वनाम पद: **मम**

9. एषः बालकः पठनं करिष्यति।

सर्वनाम पदः **एषः**

10. किं वयं उद्यानं गच्छामः?

सर्वनाम पदः **वयं**

4. ✅ **क्रियानुकृति (अभ्यास / गतिविधि) को दर्शाने वाले संकेत व वाक्यांश**

**क्रियाओं की पहचान व प्रयोग का अभ्यास – क्रियानुकृति**

**उद्देश्य:**

विद्यार्थियों में संस्कृत क्रियापदों की पहचान, उच्चारण और भावभंगिमा के साथ प्रदर्शन की क्षमता विकसित करना।

**"कुरु क्रियां संस्कृतेन!"** (संस्कृत में क्रिया करो!)

- **प्रतियोगिता का स्वरूप:**
  1. **प्रतिभागी** एक-एक कर मंच पर आएँगे।
  2. उन्हें एक-एक **संस्कृत क्रियापद** दिया जाएगा (या पहले से सूची दी जा सकती है)।
  3. वे उस क्रिया का **संस्कृत में उच्चारण करेंगे** – जैसे "हसति"।
  4. उसके साथ-साथ वे **उस क्रिया का अभिनय** भी करेंगे – जैसे हँसकर दिखाना **अथवा हिन्दी अर्थ बोलेंगे।**
  5. निर्णायक मण्डल उच्चारण तथा भावाभिव्यक्ति के आधार पर अंक देंगे।

**क्रम | क्रियापद (धातु-रूप) | अर्थ (हिन्दी में)**

| क्रम | उत्तम पुरुष एकवचन (अहं रूप) | अर्थ (हिन्दी) |
|---|---|---|
| 1 | पठामि | मैं पढ़ता हूँ |
| 2 | गच्छामि | मैं जाता हूँ |
| 3 | हसामि | मैं हँसता हूँ |
| 4 | धावामि | मैं दौड़ता हूँ |
| 5 | रोदामि | मैं रोता हूँ |
| 6 | खादामि | मैं खाता हूँ |
| 7 | लिखामि | मैं लिखता हूँ |
| 8 | नृत्यामि | मैं नृत्य करता हूँ |
| 9 | गायामि | मैं गाता हूँ |
| 10 | जल्पामि | मैं बड़बड़ाता हूँ / बात करता हूँ |
| 11 | ताडयामि | मैं मारता हूँ |
| 12 | नमामि | मैं नमस्कार करता हूँ / झुकता हूँ |
| 13 | पिबामि | मैं पीता हूँ |
| 14 | आगच्छामि | मैं आता हूँ |
| 15 | उत्तिष्ठामि | मैं खड़ा होता हूँ |

16 उपविशामि मैं बैठता हूँ

17 शये मैं सोता हूँ

18 स्नामि मैं स्नान करता हूँ

19 वदामि मैं बोलता हूँ

20 पृच्छामि मैं पूछता हूँ

वचन

**प्रश्न-** संस्कृत में कितने वचन होते हैं ? **उत्तर-** 3

**प्रश्न-** संस्कृत के तीनों वचनों का नाम बताईये ?

**उत्तर** - एकवचन, द्विवचन तथा बहुवचन ।

**प्रश्न-** रामेण में कौन विभक्ति तथा वचन है ?

**उत्तर** - तृतीया विभक्ति, एकवचन ।

**प्रश्न-** रमायै में कौन विभक्ति तथा वचन ?

**उत्तर** - चतुर्थी विभक्ति, एकवचन ।

**प्रश्न-** मातरः का विभक्ति तथा वचन बोलिए।

**उत्तर** - प्रथमा विभक्ति, बहुवचन।

इसी प्रकार अन्य शब्दों में विभक्ति तथा वचन पूछें-

आत्मनाम् (षष्ठी बहुवचन), राज्ञा (तृतीया एकवचन), विदुषः (पुंलिंग में द्वितीया बहुवचन तथा पञ्चमी/षष्ठी एकवचन । नपुंसक लिंग में पञ्चमी/षष्ठी एकवचन), मात्रोः (पञ्चमी/षष्ठी), वाचे (चतुर्थी एकवचन), सरिति (सप्तमी एकवचन), दिशाम् (षष्ठी बहुवचन), जगन्ति (प्रथमा बहुवचन), पयोभ्याम् (तृतीया/चतुर्थी/पञ्चमी द्विवचन), मनसी (द्वितीया द्विवचन), भवन्तम् (द्वितीया एकवचन), अमून् (द्वितीया बहुवचन), अमूषु (सप्तमी बहुवचन), विशालैः (तृतीया बहुवचन), शोभने (सप्तमी एकवचन), लघुनी (प्रथमा/द्वितीया द्विवचन), रमायै (चतुर्थी एकवचन), भानुभ्यः (चतुर्थी/पञ्चमी बहुवचन), पत्या (तृतीया एकवचन), गुर्वोः (पञ्चमी/षष्ठी द्विवचन), पितरौ (प्रथमा/द्वितीया द्विवचन), नदीभिः (तृतीया बहुवचन), धेन्वाम् (सप्तमी एकवचन), मधुने (चतुर्थी एकवचन), तस्मात् (पञ्चमी एकवचन), ये (प्रथमा द्विवचन/बहुवचन), महान्ति (प्रथमा/द्वितीया बहुवचन), तरङ्गैः (तृतीया बहुवचन)

शब्द का लिंग तथा वचन

**प्रश्न-** **एषः कः** का लिंग तथा वचन बोलिए।

उत्तर - पुल्लिंग शब्द, एकवचन।

**प्रश्न-** **एषा का** इस वाक्य का लिंग तथा वचन बोलिए।

उत्तर - स्त्रीलिंग, एकवचन।

**प्रश्न-** **एतौ कौ** इस वाक्य का लिंग तथा वचन बोलिए।

उत्तर - पुल्लिंग शब्द, द्विवचन।

**प्रश्न- एते के** इस वाक्य का लिंग तथा वचन बोलिए।

उत्तर - स्त्रीलिंग, द्विवचन।

**प्रश्न- एतानि चित्राणि** इस वाक्य का लिंग तथा वचन बोलिए।

उत्तर - नपुंसकलिंग, बहुवचन।

**प्रश्न- केशाः** का लिंग तथा वचन बोलिए।

उत्तर - पुल्लिंग शब्द, बहुवचन।

**प्रश्न-** ग्रामण्यौ का लिंग तथा वचन बोलिए।

उत्तर - पुल्लिंग तथा स्त्रीलिंग शब्द, द्विवचन।

**प्रश्न-** सेतू का लिंग तथा वचन बोलिए।

उत्तर - पुल्लिंग शब्द, प्रथमा तथा द्विवचन।

**प्रश्न-** हनुः का लिंग तथा वचन बोलिए।

उत्तर - स्त्रीलिंग शब्द, एकवचन।

**प्रश्न-** संख्यावाची **एक** शब्द का प्रथमा विभक्ति के तीनों लिंग में रूप बताईये ?

**उत्तर -** एकः, एका एकम् ।

**संकेत-**

**पुंलिंग शब्द-**

सुधी, प्रधी, ग्रामणी, नी, यवक्री, सुधी, सुखी, ऊरु ( जाँघ ), जन्तु, मृत्यु, ऋतु, हेतु ( कारण ), तरु ( वृक्ष ), ऋतु, इषु (बाण), अंशु (किरण), वाहु, सेतु (पुल), सूनु (पुत्र), कटु, कर्तृ, पितृ, देवृ (देवर), भर्तृ, अध्येतृ, जेतृ, द्रष्टृ, पठितृ , स्तोतृ, होतृ, नेतृ ।

**स्त्रीलिंग शब्द-**

गति, शुद्धि ,भक्ति, रुचि, शक्ति, श्रुति, रुचि, स्मृति, शान्ति, नीति, रात्रि, जाति, मति, तनु, (शरीर) रेनु, (धूल) हनु (ठुड्डी), मातृ, यातृ (देवरानी) दुहतृ (लड़की)।

**नपुंसकलिंग शब्द-**

मित्र, वन, अरण्य, मुख, कमल, कुसुम, पुष्प, नक्षत्र, पत्र, जल, गगन, शरीर, पुस्तक, ज्ञान, दारु, जानु, (घुटना) तालु, मधु ।

## 5. उच्चारण स्थान तथा शब्द ज्ञान

### वर्णों के उच्चारण स्थान

**प्रश्न-** "ण" का उच्चारण स्थान क्या है?

**उत्तर –** मूर्धा

**प्रश्न-** "ऋ" का उच्चारण स्थान क्या है?

**उत्तर –** मूर्धा

**प्रश्न-** "ऐ" का उच्चारण स्थान क्या है?

**उत्तर** – कण्ठ तालु

**प्रश्न**- "औ" का उच्चारण स्थान क्या है?

**उत्तर** – कण्ठ-ओष्ठ

**प्रश्न**- "ह" का उच्चारण स्थान क्या है?

**उत्तर** – कण्ठ

**प्रश्न**- "य" का उच्चारण स्थान क्या है?

**उत्तर** – तालु

**प्रश्न**- "व" का उच्चारण स्थान क्या है?

**उत्तर** – दन्त ओष्ठ

**प्रश्न**- "अनुस्वार" का उच्चारण स्थान क्या है?

**उत्तर** – नासिका

**प्रश्न**- "ल" का उच्चारण स्थान क्या है?

**उत्तर** – दन्त

**प्रश्न**- "ऌ" का उच्चारण स्थान क्या है?

**उत्तर** – दन्त ।

**प्रश्न**- "कण्ठ से किन-किन वर्णों का उच्चारण होता है?

**उत्तर** - कण्ठ – अ क ख ग घ ङ ह तथा विसर्ग ।

**प्रश्न**- "जिह्वामूल से किन-किन वर्णों का उच्चारण होता है?

**उत्तर** -जिह्वामूल – जिह्वामूलीय क, ख ।

**प्रश्न**- दन्त-ओष्ठ से किन-किन वर्णों का उच्चारण होता है?

**उत्तर** – व

**प्रश्न**- उपध्मानीय वर्ण कौन सा होता है?

**उत्तर** – प

**प्रश्न**- “चण्डी” में कितने तथा कौन से मूर्धन्य स्वर हैं?

**उत्तर** – दो - ण् तथा ड्

**प्रश्न**- “शाखा” में शकार का उच्चारण स्थान क्या हैं?

**उत्तर** – तालु उच्चारण स्थान क्या हैं।

**प्रश्न** - माहेश्वर सूत्रों की संख्या कितनी हैं ?

**उत्तर** – 14

**प्रश्न**- स्पर्श संज्ञक वर्णों में किस-किस वर्ग के वर्ण आते हैं ?

**उत्तर** – कवर्ग, चवर्ग, टवर्ग, तवर्ग तथा पवर्ग

**प्रश्न**- अन्तस्थ संज्ञक वर्णों में कौन-कौन वर्ण आते हैं ?

**उत्तर –** य, व, र, ल

**प्रश्न-** ऊष्म संज्ञक वर्णों में कौन-कौन वर्ण आते हैं ?

**उत्तर–** श, ष, स, ह

प्रश्न- श, ष, य, ह इनमें से अन्तःस्थ व्यञ्जन कौन सा है?

**उत्तर** - य अन्तःस्थ व्यञ्जन है ।

**सङ्केत-**

य (तालु) ल (दन्त) (कण्ठ – अ क ख ग घ ङ ह विसर्ग), (तालु – इ च छ ज झ ञ य श), (मूर्धा – ऋ ट ठ ड ढ ण र ष), (दाँत – लृ त थ द ध न ल स), (ओष्ठ – उ प फ ब भ म उपध्मानीय प, फ) (कण्ठ-तालु – ए ऐ) (कण्ठ-ओष्ठ – ओ औ) (मुख-नासिका – ङ ञ ण न म) (दन्त-ओष्ठ – व) (जिह्वामूल – जिह्वामूलीय क, ख)
(नासिका – अनुस्वार)

इसी तरह अधोलिखित पद में आये वर्णों का उच्चारण स्थान पूछें-

काष्ठ, (क् + आ + ष् + ठ् + आ) यान, परिधान, पुस्तिका, सैनिक, नायक, पुरुष, सहयोग ।

## वचन ज्ञान

वद (मध्यम पुरुष एकवचन), वदिष्यावः उत्तमपुरुष द्विवचन), वत्स्यथ (मध्यम पुरुष बहुवचन), दत्ताम् (प्रथम पुरुष द्विवचन), दद्युः (प्रथमपुरुष बहुवचन), कथयतम् (मध्यम पुरुष द्विवचन), कथयेम (उत्तम पुरुष बहुवचन), पश्येः (मध्यम पुरुष एकवचन), द्रक्ष्यतः (प्रथम पुरुष द्विवचन) अनयः (मध्यम पुरुष द्विवचन), नेष्यथः (मध्यमपुरुष द्विवचन), नयतात् (प्रथम/मध्यम पुरुष एकवचन), याचावहै (उत्तम पुरुष द्विवचन), अयाचे (उत्तम पुरुष एक वचन), तिष्ठेम (उत्तम पुरुष बहुवचन)

## पुरूष ज्ञान

**प्रश्न-** संस्कृत में पुरुषों की कितनी संख्या है ?

**उत्तर-** 3

**प्रश्न-** संस्कृत के तीनों पुरुषों का नाम बताईये ?

**उत्तर** -प्रथम पुरुष, मध्यम पुरुष तथा उत्तम पुरुष

**प्रश्न-** तत् किस पुरूष का शब्द है ?

**उत्तर** - तत् शब्द प्रथम पुरूष का शब्द है।

**प्रश्न-** अहम् किस पुरूष का पद है ?

**उत्तर** - अहम् उत्तम पुरूष का पद है।

## विभक्ति की पहचान

**प्रश्न-** "बालक" शब्द के षष्ठी विभक्ति एकवचन का रूप बोलें।

**उत्तर –** बालकस्य

**प्रश्न-** सेतू किस विभक्ति का रूप है ?

**उत्तर** - पुल्लिंग शब्द, प्रथमा तथा द्वितीया द्विवचन।

**प्रश्न-** ग्रामण्यौ किस विभक्ति का रूप है ?

**उत्तर -** प्रथमा तथा द्वितीया विभक्ति ।

**प्रश्न-** "यूयं" पद किस विभक्ति का रूप है ?

**उत्तर -** प्रथमा विभक्ति ।

**प्रश्न-** "क्रीडायै" पद किस विभक्ति का रूप है ?

**उत्तर -** चतुर्थी विभक्ति ।

**प्रश्न-** वयं नेत्राभ्यां पश्यामः इस वाक्य में नेत्राभ्यां किस विभक्ति का रूप है ?

**उत्तर -** तृतीया विभक्ति ।

**प्रश्न-** बालिकाः उत्साहेन क्रीडन्ति इस वाक्य में उत्साहेन किस विभक्ति का रूप है ?

**उत्तर -** तृतीया विभक्ति ।

**इसी तरह -** प्रतिभागी (प्रथमा), अनेकानि (प्रथमा तथा द्वितीया), तानि (प्रथमा तथा द्वितीया), स्नानाय (चतुर्थी), बालकान् (द्वितीया), नायकम् (द्वितीया), सैनिकानाम् (षष्ठी बहुवचन), अश्वात् (पञ्चमी एकव.), याने (सप्तमी), त्वम् (प्रथमा) राज्ञाम् (षष्ठी), विदुषोः (षष्ठी), आत्मनः (द्वितीया बहुवचन, पञ्चमी षष्ठी एकवचन), मात्रे (चतुर्थी), वाचा (तृतीया), नाम्नाम् (षष्ठी), मनस्सु (सप्तमी), अमूषाम् (षष्ठी), एतस्याम् (सप्तमी), अमुष्मै (चतुर्थी), दीर्गान् (द्वितीया), शोभनेन (तृतीया), लघ्व्याम् (सप्तमी) इत्यादि पद में (विभक्ति) है।

संकेत - नर, मृग, वानर, सैनिक, चतुर, अश्व, घट, दिवस, वारि, कुल्या शब्द का प्रथमा, द्वितीया, तृतीया आदि विभक्ति का रूप पूछें।

## विशेष्य और विशेषण ज्ञान

**प्रश्न-** रामः भरतात् ज्येष्ठतरः आसीत् इस वाक्य में कौन विशेष्य तथा कौन विशेषण पद है ?

**उत्तर -** रामः विशेष्य तथा ज्येष्ठतरः विशेषण पद है ।

**प्रश्न-** "आम्रं मधुरम्" अस्ति में कौन विशेषण पद है ?

**उत्तर –** मधुरम् ।

**प्रश्न–** "मधुरम् अस्ति" में कौन विशेषण पद है ?

**उत्तर -** मधुरम्

प्रश्न- "मुकुलः प्रांशुः अस्ति" में कौन विशेषण पद है?

**उत्तर -** प्रांशुः

**प्रश्न –**"पर्यटकाः साधवः सन्ति" में कौन विशेषण पद है?

**उत्तर –** साधवः

**प्रश्न –**"नीलानि पुष्पाणि रोचन्ते" में कौन विशेषण पद है?

**उत्तर –** नीलानि

**प्रश्न –**"नारिकेलफलं बहिस्तः कठोरं भवति" में कौन विशेषण पद है?

**उत्तर –** कठोरम्

**प्रश्न –**“कृशाः बालिकाः बलिष्ठाः न सन्ति” में कौन विशेषण पद है?

**उत्तर –** कृशाः, बलिष्ठा

**प्रश्न –**“कृषकाः उन्नतायां भूमौ आढकीवीजानि वपन्ति” में कौन विशेषण पद है?

**उत्तर –** उन्नतायां

प्रश्न –“दुष्टाः नराः दण्डनीयाः” में कौन विशेष्य पद है?

**उत्तर –** नराः

प्रश्न –“श्रेष्ठाः जनाः आदरणीयाः भवन्ति” में कौन विशेष्य पद है?

**उत्तर –** जनाः

**प्रश्न –**“वसन्ते कोकिलः पञ्चमे ताने गायति” में कौन विशेष्य पद है?

**उत्तर –** कोकिलः

**प्रश्न –**“मनोरमाः महिलाः सुन्दरं नृत्यं कुर्वन्तः सन्ति” में कौन विशेषण पद है?

**उत्तर –** मनोरमाः, सुन्दरं

**इसी प्रकार अधोलिखित विशेष्य-विशेषण पूछें ।**

कृष्णः पीतम् अम्बरं धरति। (विशेष्य- अम्बरम्, विशेषण- पीतम्)

कृष्णः पीतम् अम्बरं धरति। (विशेष्य- अम्बरम्, विशेषण- पीतम्)

महता उत्साहेन कार्यं कुरु। (विशेषण- महता, उत्साहेन - विशेष्यम् )

प्रचलितेषु सम्प्रदायेषु जैनधर्मः महत्त्वं भजते। (विशेष्य- सम्प्रदायेषु , विशेषण- प्रचलितेषु )

काकस्य वर्णः कृष्णः भवति। (विशेष्य- वर्ण , विशेषण- कृष्णं)

**संकेत-**

**शस्यश्यामलां** धरित्रीम् । **धूलधूसरिताः बालकाः** । अये **पुण्ये** गङ्गे । **शुभा** भारतधरा । गङ्गायाः **गभीरे** नीरे । **विपुलेन** भुजद्वयेन । **निर्धनो** जनः धनमुपार्जितवान् । **प्रीताभ्यः** प्रकृतिभ्यः राजानः प्रतिप्रियमिच्छन्ति।

**वाक्य में आये सर्वनाम पद को बतायें-**

कः तस्यां नगर्यां कः अवसत् ? (तस्यां, कः)

कस्मिंश्चिद् नगरे एकः ब्राह्मणः वसति स्म। (कस्मिंश्चिद्, एकः )

कस्यचिद् नृपस्य हस्ती मरणासन्नः आसीत्। (कस्यचिद्)

सः तस्मै विप्राय धेनुं ददाति । (सः तस्मै)

कस्यचित् बालिकायै फलं यच्छ । (कस्यचित्)

निर्धनो जनः किञ्चिद् धनमुपार्जितवान् । (किञ्चिद्)

कश्चन चौरः गृहाभ्यन्तरं प्रविष्टः । ( कश्चन)

रक्षापुरुषः चौरोऽयमिति प्रख्याप्य कारागारे प्राक्षिपत् । (अयम्)

पर्यायवाची शब्द में लिंगगत या अर्थगत भिन्नता ज्ञात करना-

आपः, वारि, तोयम्, उदकम्, नीरम्, सलिलम्।

## वाक्य में आये संख्यावाची पद को बतायें-

**प्रश्न-** चत्वारः सिंहाः भ्रमन्ति इस वाक्य में संख्यावाचक पद कौन है ?

**उत्तर -** चत्वारः संख्यावाचक पद है ।

**प्रश्न-** एका पिपीलिका याति इस वाक्य में संख्यावाचक पद कौन है ?

**उत्तर -** एका संख्यावाचक पद है ।

**प्रश्न-** षट् दिनानि वर्षा अभवत्। (उत्तर - षट्)

**प्रश्न-** षोडशवर्षीयः बालकः दशमकक्षायां पठति। (षोडशवर्षीयः, दशमकक्षायां)

**प्रश्न-** एको ना विंशतिः नार्यः वापीं स्नातुमितो गताः। (एकः, विंशतिः)

**प्रश्न-** राष्ट्रध्वजे त्रयः वर्णाः भवन्ति। (त्रयः)

**प्रश्न-** नवविंशतिः के पश्चात् कौन सी संख्या आती है? (विंशतिः)

**प्रश्न-** एकोनविंशतिः के पहले कौन सी संख्या आती है? (अष्टादश)

**प्रश्न-** त्रिंशत् त्रिंशतिः इनमें से कौन संख्यावाचक पद क्या शुद्ध है? (त्रिंशत्)

**प्रश्न-** एकपक्षे पञ्चदश अहोरात्रं भवति इसमें संख्यावाची पद कौन सा है? (एकपक्षे, पञ्चदश)

**प्रश्न-** चतुर्विंशतिहोराभिः दिनमेकं भवति। यहाँ किस पद से संख्या का बोध हो रहा है? (चतुर्विंशतिहोराभिः)

## धातुरूप

**प्रश्न:** 'सीता गायति' में तिङन्त पद कौन-सा है और लकार, पुरुष, एकवचन क्या है?

उत्तर: 'गायति' — लट् लकार, प्रथम पुरुष, एकवचन।

**प्रश्न:** 'वयं खेलामः' — इसमें तिङन्त पद कौन-सा है?

उत्तर: 'खेलामः' — उत्तम पुरुष, बहुवचन, वर्तमान काल।

**प्रश्न:** 'त्वं लिखसि' — इसमें तिङन्त पद को पहचानिए और उसका पुरुष व लकार बताइए।

उत्तर: 'लिखसि' — मध्यम पुरुष, लट् लकार (वर्तमान काल)।

**प्रश्न:** 'उद्यानं गच्छामि' — इसमें कौन-सा क्रिया पद है और कर्ता कौन है?

उत्तर: 'गच्छामि' — लट् लकार, उत्तम पुरुष; कर्ता "अहम्"।

**प्रश्न:** 'बालकः पठति' — इस वाक्य में क्रियापद कौन-सा है?

उत्तर: 'पठति' — यह तिङन्त पद है, लट् लकार, प्रथम पुरुष, एकवचन।

### धातुरूप का वचन

**प्रश्न-** 'पा' धातु के लट् लकार प्रथमपुरुष बहुवचन का रूप बोलिए ।

**उत्तर -** पिबन्ति

**प्रश्न-** पठ् धातु प्रथम पुरुष बहुवचन लट्लकार का रूप क्या होगा?

**उत्तर -** पठन्ति

**प्रश्न-** गम् धातु उत्तम पुरुष बहुवचन में लट्लकार में क्या रूप बनेगा?

**उत्तर -** गच्छामि

**प्रश्न-** गा धातु लट् लकार उत्तम पुरुष बहुवचन में क्या रूप बनेगा?

**उत्तर -** गायामः

इसी तरह कृ, भू, अस्, लिख्, खेल्, पा, कूर्द्, मुञ्च्, हस् धातु के विविध वचन पूछें।

धातुरूप का पुरुष

**प्रश्न-** खेल् धातु के लट् लकार (वर्तमान काल) प्रथम पुरुष का रूप बताइये

**उत्तर -** खेलति खेलतः खेलन्ति

**प्रश्न-** पठ् धातु के लङ् लकार (भूतकाल) प्रथम पुरुष का रूप बताइये

**उत्तर -** अपठत् अपठताम् अपठन्

**प्रश्न-** दा धातु के लट् लकार (वर्तमान काल) प्रथम पुरुष का रूप बताइये

**उत्तर -** ददाति दत्तः ददति

वाक्य में धातु तथा तिङन्त पद को पहचानना

**प्रश्न-** विटपे कोकिला रौति इस वाक्य में तिङन्त पद कौन है ?

**उत्तर** - रौति ।

**प्रश्न-** अहं प्रातःकाले उत्थाय पठामि इस वाक्य में कौन तिङन्त पद है ?

**उत्तर** - पठामि।

किमपि असौविध्यं न जायते । अधस्तनो भागो द्रष्टुं शक्यते । विपुला संख्या वसति स्म । अत्र विशेषरूपेण मेला लगति ।

**प्रश्न-** हसति में मूल धातु का नाम बतायें ?

**उत्तर -** हसति में **हस्** मूल धातु है।

**प्रश्न-** मेघाः गर्जन्ति में किस मूल धातु का प्रयोग हुआ है ?

**उत्तर -** गर्जन्ति में गर्ज् मूल धातु का प्रयोग हुआ है ।

**प्रश्न-** भविष्यन्ति पद किस धातु का रूप है?

**उत्तर -** भू धातु

**प्रश्न-** "पचति" किस धातु का रूप है?

**उत्तर**- डुपचस् / पच् धातु

**प्रश्न-** "कर्षन्ति" किस धातु का रूप है?

**उत्तर**- कृष् धातु

**प्रश्न-** "वपति" किस धातु का रूप है?

**उत्तर**- डुवप् / वप् धातु

**प्रश्न-** "अजानात्" किस धातु का रूप है?

**उत्तर**- ज्ञा धातु लङ् लकार (अजानात् अजानीताम् अजानन्)

उपसर्ग व मूल धातु को पहचानना

**प्रश्न** - अवरुध्यते में उपसर्ग तथा धातु बताएँ

**उत्तर-**  अवरुध्यते में अव उपसर्ग तथा रुध् (आवरणे) धातु है।

**प्रश्न** -सैनिकाः बाणैः शत्रून् प्रहरन्ति इस वाक्य में उपसर्ग तथा धातु बताएँ

**उत्तर-**  प्र उपसर्ग तथा हृञ् (हरणे) धातु है।

**प्रश्न** - लक्ष्मणः रामम् अन्वगच्छत् इस वाक्य में उपसर्ग तथा धातु बताएँ

**उत्तर-**  अनु उपसर्ग तथा गमॢँ- गम् (गतौ) धातु है।

**प्रश्न** -बालकः गृहात् बहिः निर्गच्छत् इस वाक्य में उपसर्ग तथा धातु बताएँ

**उत्तर-**  निर् उपसर्ग तथा गमॢँ- गम् (गतौ) धातु है।

**प्रश्न** -लक्ष्मणः रामम् अन्वगच्छत् इस वाक्य में उपसर्ग तथा धातु बताएँ

**उत्तर-** अनु तथा आ उपसर्ग तथा गमॢँ- गम् (गतौ) धातु है।

**प्रश्न** -अहं प्रसन्नताम् अनुभविष्यामि लक्ष्मणः रामम् अन्वगच्छत् इस वाक्य में उपसर्ग तथा धातु बताएँ

**उत्तर-** अनु उपसर्ग तथा भू (सत्तायां) धातु है।

इसी तरह प्राचलत् (प्र + चल् + लङ्) विराजते (वि + राज् + लट् आत्मनेपदी)

## काल परिवर्तन

क्रियापद को भविष्यत् काल से वर्तमान काल में परिवर्तित कीजिए (लृट् → लट् लकार)

| क्रम | भविष्यत् काल वाक्य (लृट् लकार) | वर्तमान काल वाक्य (लट् लकार) |
|---|---|---|
| 1 | अहं पाठं करिष्यामि। | अहं पाठं करोमि। |
| 2 | त्वं गमिष्यसि। | त्वं गच्छसि। |
| 3 | सः जलं पास्यति। | सः जलं पिबति। |
| 4 | सा पुस्तकम् पठिष्यति। | सा पुस्तकम् पठति। |
| 5 | आवां मिलिष्यावः। | आवां मिलावः। |

## अधोलिखित का लङ् लकार (भूतकाल) तथा लृट् लकार (भविष्यत् काल) में रूप बताइये

| धातु (अर्थ) | लङ् | लृट् |
|---|---|---|
| क्री- क्रीणाति (खरीदता है)- | अक्रीणात् | क्रेष्यति, |
| चुर् - चोरयति (चुराता है)- | अचोरयत् | चोरयिष्यति |
| रुद – रोदिति (रोता है)- | अरोदत्, अरोदीत् | रोदिष्यति |
| ब्रू-ब्रवीति (बोलता है)- | अब्रवीत् | वक्ष्यति |
| दुह् - दोग्धि (दुहता है)- | अधोक् अधोग् | धोक्ष्यति |
| इष्- इच्छति (चाहता है)- | ऐच्छत् | एषिष्यति |
| हन् - हन्ति ( मारता है)- | अहन् | हनिष्यति |
| प्रच्छ – पृच्छति (पूछता है)- | अपृच्छत् | प्रक्ष्यति |
| हस्- हसति (हँसता है)- | अहसत् | हसिष्यति |

पच्– पचति (पकाता है)- अपचत् पक्ष्यति

नृत्– नृत्यति (नाचता है)- अनृत्यत् नृत्स्यति, नर्तिष्यति

घ्रा - जिघ्रति (सूंघता है)- अजिघ्रत् घ्रास्यति

हृ-हरति (हरता है)- अहरत् हरिष्यति

कथ्- कथयति (कहता है)- अकथयत् कथयिष्यति

नी–नयति (ले जाता है)- अनयत् नेष्यति

जागृ- जागर्ति (जागता है)- अजागरत् जागरिष्यति

| **धातु (अर्थ)** | **लृट्** | **लङ्** |
|---|---|---|
| जागृ- जागर्ति (जागता है)- | जागरिष्यति | अजागरत् |
| अद्-अत्ति (खाता है), | अत्स्यति | आदत् |
| अर्ज्-अर्जति (कमाता है), | अर्जिष्यति | आर्जत् |
| अश्- अश्नाति (खाता है), | अशिष्यति | आश्नात् |
| अस्-अस्यति (फेंकता है), | असिष्यति | आस्यत् |
| आप्-आप्नोति (पाता है), | आप्स्यति | आप्नोत् |
| आप्- आपयति (पहुँचाता है), | आपयिष्यति | आपयत् |
| ईर्ष्य – ईर्ष्यति (ईर्ष्या करता है), | ईर्ष्यिष्यति | ऐर्ष्यत् |
| कुप्- कुप्यति (क्रोध करता है), | कोपिष्यति | अकुप्यत् |
| कृष्-कर्षति (खींचता है), | कर्क्ष्यति/क्रक्ष्यति | अकर्षत् |
| क्रन्द- क्रन्दति (रोता है), | क्रन्दिष्यति | अक्रन्दत् |

अधोलिखित वाक्य में आये लट् लकार को लङ् लकार में। लृट् को लट् लकार में तथा लङ् को लृट् लकार में परिवर्तित करें।

इदं चित्रं पाठशालायाः वर्तते ।

1. लट् लकार को लङ् लकार में:

इदं चित्रं पाठशालायाः अवर्तत।

2. लृट् लकार को लट् लकार में:

(यदि मूल वाक्य में लृट् लकार होता तो इसे बदलते, परंतु यहां लृट् नहीं है।)

3. लङ् लकार को लृट् लकार में:

इदं चित्रं पाठशालायाः भविष्यति।

पिपीलिका बालकः च गृहं गच्छतः।

मुदितमनाः मनुष्याः आगच्छन्ति ।

बालकः भोजनं खादति।

मम पुत्रः क्रीडति।

तत्र पुष्पं पतति।

शिष्यः पाठं स्मरति।

अहं गङ्गाजलम् एव नेष्यामि ।

बालकः पुस्तकं नयति।

चौरः धनं हरति।

कृपणस्य तनयः मिष्टान्नम् आनेतुम् अगच्छत् ।

तनयः कान्दविकम् अकथयत् ।

प्राज्ञः सज्जनः च सत्यं वदतः।

बटुकः ललाटे सितस्य तिलकं लेपयति ।

दुर्जनाः असत्यं वदन्ति।

त्वरया अत्र आगमिष्यसि चेत् भवते द्विगुणितं धनं दास्यामः ।

सा प्रथमा महिला शिक्षिका आसीत् ।

एकं बालकं हसन्तम् अपश्यम्।

अव्यय से सम्बन्धित प्रश्न

प्रश्न - दो शब्दों को जोड़ने वाला कोई 2 योजक अव्यय शब्द बताइये।

उत्तर - तथा, एवं, च

प्रश्न - समय सूचक 3 अव्यय शब्द बताइये।

उत्तर - अद्य, ह्यः, प्रातः, सायं

**प्रश्न -** प अक्षर से आरंभ होने वाला 2 अव्यय शब्द बोलिए।

**उत्तर -** प्रायस्, प्रातः, प्रवाहुकम्, प्रवाहिका, प्रताम् , प्रशान्, प्रतान्, पिधानम्।

वाक्य में सर्वनाम, अव्यय तथा क्रियापद को पहचानना

**प्रश्न** - अहमपि कदलीफलं खादामि इस वाक्य में सर्वनाम, अव्यय तथा क्रियापद बताइये

उत्तर - अहम् (सर्वनाम) अपि (अव्यय) खादामि (क्रिया)

**प्रश्न** – एतौ बालकौ कुत्र गच्छतः इस वाक्य में सर्वनाम, अव्यय तथा क्रियापद बताइये

उत्तर - एतौ (सर्वनाम) कुत्र (अव्यय) गच्छतः (क्रिया)

**प्रश्न** – मम पुरतः भगवद्गीता रामायणं च स्तः इस वाक्य में सर्वनाम, अव्यय तथा क्रियापद बताइये

उत्तर - मम (सर्वनाम) पुरतः च (अव्यय) स्तः (क्रिया)

**प्रश्न** - रामायणी कथा एव तुभ्यं रोचते इस वाक्य में सर्वनाम, अव्यय तथा क्रियापद बताइये

उत्तर - तुभ्यं (सर्वनाम) एव (अव्यय) रोचते (क्रिया)

**प्रश्न** - वयं सगौरवं तान् हि स्मरामः इस वाक्य में सर्वनाम, अव्यय तथा क्रियापद बताइये

उत्तर - वयं तथा तान् (सर्वनाम) हि (अव्यय) स्मरामः (क्रिया)

⏭ **अगला चरण – "वाक्य निर्माण"**

अधोलिखित तिङन्त पद से वाक्य निर्माण करें

गच्छति, श्रृणोमि, वदामि, पठामि, लिखसि, पिबावः, खादामः, पश्यामि, नयावः, इच्छामि, चलसि, वसामि, जानामि, पृच्छामि, पचामि, उपविशानि, ददासि, कथयामि, हसथः, स्मरसि, नृत्यतः, गायामि, तिष्ठन्ति, क्षिपति, अटन्ति, भ्रमामः, नमति, जीवामि, यच्छामि, धावामः, रोदथ, क्रीड़ामि, क्रीणामि, तरामि, धारयामि, बिभेमि, अस्मि ।

1. गच्छति – बालकः विद्यालयं गच्छति।

2. श्रृणोमि – अहं संगीतं श्रृणोमि।

3. वदामि – अहं सत्यं वदामि।

4. पठामि – अहं संस्कृतं पठामि।

5. लिखसि – त्वं पत्रं लिखसि।

6. पिबावः – आवाम् दुग्धं पिबावः।

7. खादामः – वयं फलानि खादामः।

अधोलिखित शब्दों से एक - एक वाक्य बनायें-

वक्तुम्, गन्तुम्, कर्तुम्, खादितुम्, पातुम्, पठितुम्, श्रोतुम्, पठितुम्, दातुम्, मेलितुम्, द्रष्टुम्। अह्ना । मुहुर्मुहुः । अन्यथा । यावत् । तदा । हे मित्र! एषा । जननी । ज्वरपीडिता । त्वया । पुरा । अस्याः सेवा । प्रायशः । कर्तव्या । तव । किं । त्वम् । न । प्राध्यापकः । तर्हि । तव । जीवनस्य । त्रयः । लहरीणाम् । वेगेन । तयोः । जलेन । नाविकः । सम्भ्रमेण महाशय ! । भवान् । प्राध्यापकः । नौकां बाहुभ्याम् । महाभारतस्य । कति । दिनानि । त्रयोदशे । भारतस्य विजयाय । तस्मिन् । सः । सा । काले । सतीशस्य । मित्र । मुकुलः ।

**प्रश्न** - अधोलिखित अव्यय युक्त पदों से वर्तमान काल, भूत काल तथा भविष्यत् काल का वाक्य बनायें।

सहसा । विना । नाना । स्वस्ति । अलम् । अन्यत् । मृषा । मिथ्या । पुरा । प्रायः । साकम् । सार्धम् । नमः । धिक् । अथ । आम् । च । वा । एव । एवम् । नूनम् । चेत् । चण् । हे । भोः । अये ।

**उत्तर**- तौ सहसा कार्यं न कुरुतः। सः सहसा अब्रवीत् आदि।

**प्रश्न** - अधोलिखित अव्यय के साथ प्रश्नवाचक वाक्य बनायें ।

सहसा । विना । नाना । अलम् । अन्यत् । मृषा । मिथ्या । प्रायः । साकम् । सार्धम् । च । वा । एव । एवम् । नूनम् । हे । भोः । अये ।

तिङन्त पद से वाक्य निर्माण (1 से 5 पद तक का)

**प्रश्न**- अचिन्तयत् से दो पद वाला वाक्य बनायें ।

**उत्तर** - सः अचिन्तयत् ।

**प्रश्न**- मोचयिष्यति से दो पद वाला वाक्य बनायें ।

**उत्तर** - धाता मोचयिष्यति ।

**प्रश्न**- इच्छसि क्रिया पद के साथ अव्ययुक्त तीन पद वाला वाक्य बनायें ।

**उत्तर** - त्वं किं इच्छसि ।